| | |
|---|---|
| Test Date | 18/06/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** यदि संख्या 4275613 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनने वाली नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

**Ans**
✔ 1. 2
✘ 2. 0
✘ 3. 1
✘ 4. 3

**Q.2** A और B किसी काम को क्रमशः 12 दिन और 18 दिन में पूरा कर सकते हैं। दोनों 2 दिन तक काम करते हैं और फिर A काम करना छोड़ देता है तथा B अकेले शेष काम पूरा करता है। संपूर्ण काम ________ दिन में पूरा हो जाता है।

**Ans**
✘ 1. 16
✘ 2. 13
✘ 3. 14
✔ 4. 15

**Q.3** गुप्त साम्राज्य के शासनकाल के दौरान सैन्य भंडार की देखभाल के लिए उत्तरदायी अधिकारी को क्या कहा जाता था?

**Ans**
✘ 1. विषयपति (Vishayapati)
✔ 2. रणभंडागरिका (Ranabhandagarika)
✘ 3. पिलुपति (Pilupati)
✘ 4. महाप्रतिहार (Mahapratihara)

**Q.4** दो बैंक, A और B, क्रमशः 3.5% और 6.5% की वार्षिक दर से ऋण देते हैं। केशव ने प्रत्येक बैंक से ₹2,00,000 की राशि उधार ली। केशव द्वारा 2 वर्ष के बाद दोनों बैंकों को भुगतान की गई साधारण ब्याज की राशियों के बीच धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✔ 1. 12,000
✘ 2. 13,500
✘ 3. 11,500
✘ 4. 13,000

**Q.5** यदि किसी डेटा की माध्यिका उसके बहुलक से 71.24 कम है, तो उस डेटा की माध्यिका उसके माध्य से _____ अधिक होगी। (मूलानुपाती सूत्र का उपयोग कीजिए)

**Ans**
✘ 1. 41.97
✔ 2. 35.62
✘ 3. 33.91
✘ 4. 34.14

Q.6 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात सबसे बड़ा है?

Ans
✔ 1. 10 : 15
✗ 2. 19 : 37
✗ 3. 15 : 33
✗ 4. 18 : 37

Q.7 $\left[(22 \times 6) \times \left\{8 \div 4 \times \left(15 - \frac{11}{4}\right)\right\}\right]$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 3275
✗ 2. 3262
✗ 3. 3277
✔ 4. 3234

Q.8 एक निश्चित कूट भाषा में, 'BOLT' को '4195' और 'TOLD' को '4529' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'D' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
✗ 1. 5
✗ 2. 4
✔ 3. 2
✗ 4. 9

Q.9 यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है, ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

96 × 6 – 8 ÷ 71 + 26 = ?

Ans
✗ 1. 186
✗ 2. 194
✗ 3. 181
✔ 4. 173

Q.10 2024 में, भारत 239 मिलियन मीट्रिक टन उत्पादन के साथ विश्व का शीर्ष दुग्ध उत्पादक बन जाएगा। इस उपलब्धि में किस सरकारी पहल का महत्वपूर्ण योगदान रहा?

Ans
✗ 1. ऑपरेशन मिल्क
✗ 2. राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम
✗ 3. श्वेत क्रांति
✔ 4. राष्ट्रीय गोकुल मिशन

Q.11 कल्पना और सुधा को एक ही परीक्षा में क्रमशः 696 और 584 अंक प्राप्त हुए। यदि कल्पना ने 87% अंक प्राप्त किए, तो सुधा द्वारा प्राप्त अंकों का प्रतिशत क्या है?

Ans
✗ 1. 74%
✗ 2. 76%
✔ 3. 73%
✗ 4. 72%

Q.12 तीन संख्याओं का अनुपात 5 : 16 : 21 है। यदि पहली संख्या का 20 प्रतिशत 26 है, तो तीसरी और दूसरी संख्या के अंतर का 40 प्रतिशत कितना होगा?

Ans
✔ 1. 52
✗ 2. 54
✗ 3. 51
✗ 4. 50

Q.13 भारत में प्रशासनिक सुधारों में मोरारजी देसाई के योगदान की स्मृति में 29 फरवरी 2025 को उनकी 129वीं जयंती मनायी गई। देश के प्रशासन को पुनर्गठित करने के लिए 1966 में निम्नलिखित में से किस आयोग की अध्यक्षता उनके द्वारा की गई थी?

Ans
✔ 1. प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग
✘ 2. योजना आयोग
✘ 3. प्रथम वित्त आयोग
✘ 4. सरकारिया आयोग

Q.14 निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत का सबसे पूर्वी अंतर्राष्ट्रीय सीमा बिंदु है?

Ans
✘ 1. लिपुलेख (Lipulekh)
✘ 2. नाथू ला (Nathu La)
✔ 3. किबिथु (Kibithu)
✘ 4. रोहतांग (Rohtang)

Q.15 एक छात्र 3 भार (weightage) वाले एक विषय में 80 अंक प्राप्त करता है और 2 भार (weightage) वाले दूसरे विषय में 90 अंक प्राप्त करता है। छात्र के भारित औसत अंक कितने हैं?

Ans
✘ 1. 82
✘ 2. 88
✘ 3. 86
✔ 4. 84

Q.16 $\frac{\cos 35^\circ}{\sin 55^\circ} + \frac{\sin 11^\circ}{\cos 79^\circ} - 2\cos 27^\circ \operatorname{cosec} 63^\circ$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 2
✘ 2. 1
✘ 3. −1
✔ 4. 0

Q.17 वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिससे 6760 को गुणा करने पर यह एक पूर्ण वर्ग संख्या बन जाएगी।

Ans
✔ 1. 10
✘ 2. 26
✘ 3. 28
✘ 4. 23

Q.18 यदि α और β समीकरण $x^2 - 6x - 5 = 0$ के मूल हैं, तो 3α और 3β मूलों वाला समीकरण ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. $x^2 - 15x + 48 = 0$
✘ 2. $x^2 - 18x - 48 = 0$
✘ 3. $x^2 - 15x + 45 = 0$
✔ 4. $x^2 - 18x - 45 = 0$

Q.19 गणित की परीक्षा में 30 विद्यार्थियों के औसत अंक 55 पाए गए। हालाँकि, बाद में पता चला कि अंक 72 को गलती से 27 लिखा गया था और एक अन्य अंक 64 को गलती से 46 लिखा गया था। वास्तविक औसत अंक ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 60.2
✘ 2. 63.4
✘ 3. 55.5
✔ 4. 57.1

Q.20 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A और E के बीच केवल C बैठा है। E, D के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। B, D के बाएं ठीक पड़ोस में बैठा है। G, E का निकटतम पड़ोसी नहीं है। C के दाएं गिनने पर C और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✔ 1. चार
✘ 2. दो
✘ 3. एक
✘ 4. तीन

Q.21 किस पुलित्जर पुरस्कार विजेता, खोजी सिरीज़ का नाम 'फेंटेनाइल एक्सप्रेस' था?

Ans
✘ 1. NBC न्यूज़
✔ 2. रॉयटर्स
✘ 3. द न्यू यॉर्कर
✘ 4. CNN

Q.22 एक समचतुर्भुज के विकर्णों की लंबाई क्रमशः (y + xy + 5) m और (y - xy + 7) m है। यदि x = 2 और y = 1 है, तो समचतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 21 $m^2$
✔ 2. 24 $m^2$
✘ 3. 27 $m^2$
✘ 4. 18 $m^2$

Q.23 संख्या 6427519 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
✔ 1. 1
✘ 2. 2
✘ 3. 0
✘ 4. 3

Q.24 एक ट्रेन 591 m लंबी है और 36 km/hr की चाल से चलते हुए एक प्लेटफॉर्म को 1.7 मिनट में पार करती है। ट्रेन और प्लेटफॉर्म की लंबाई के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 162 m
✘ 2. 170 m
✘ 3. 159 m
✘ 4. 171 m

Q.25 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'RACE' को '6259' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'ANTS' को '7941' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में, 'A' के लिए कूट क्या है?

Ans
✔ 1. 9
✘ 2. 7
✘ 3. 2
✘ 4. 1

Q.26 एक दुकानदार किसी वस्तु का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 50% अधिक तय करता है। 14% लाभ अर्जित करने के लिए, अंकित मूल्य पर कितने प्रतिशत की छूट दी जानी चाहिए?

Ans
✘ 1. 26%
✘ 2. 27%
✔ 3. 24%
✘ 4. 21%

Q.27 अमित ने समान धनराशि को साधारण ब्याज और चक्रवृद्धि ब्याज (जो वार्षिक रूप से संयोजित होता है) पर निवेश किया था। दोनों धनराशियों के लिए निवेश की अवधि 2 वर्ष थी तथा दोनों धनराशियों के लिए समान वार्षिक ब्याज दर, 4% थी। अंत में, उसे प्राप्त हुए दोनों ब्याजों में ₹45 का अंतर था। निवेश की गई प्रत्येक धनराशि (₹ में) कितनी थी?

Ans
✗ 1. 27,375
✗ 2. 28,475
✓ 3. 28,125
✗ 4. 27,225

Q.28 'माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007' के संबंध में 27 मार्च 2025 को 'समतोला देवी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य' में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

Ans
✗ 1. अधिनियम के अंतर्गत न्यायाधिकरणों को यह अधिकार है कि वे किसी बच्चे या रिश्तेदार को बेदखल करने का आदेश दे सकते हैं, यदि ऐसा वरिष्ठ नागरिक की सुरक्षा के लिए आवश्यक समझा जाए।
✗ 2. अधिनियम में किसी बच्चे या रिश्तेदार को बेदखल करने का कोई प्रावधान नहीं है।
✗ 3. वरिष्ठ नागरिक अपनी संपत्ति को अपने कानूनी उत्तराधिकारियों को हस्तांतरित करने के बाद भी भरण-पोषण के लिए आवेदन कर सकते हैं।
✓ 4. अधिनियम के तहत उपेक्षा के प्रत्येक मामले में बच्चे या रिश्तेदार को बेदखल करना अनिवार्य है।

Q.29 एमएस पावरपॉइंट (MS PowerPoint) प्रेजेंटेशन पर कार्य करते समय 'Ctrl + S' कीबोर्ड शॉर्टकट का उपयोग करने का मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित में से क्या है?

Ans
✗ 1. ईमेल के माध्यम से प्रेजेंटेशन साझा करना
✗ 2. प्रेजेंटेशन विंडो को तुरंत क्लोज करना
✗ 3. आरंभ से स्लाइडशो (slideshow) शुरू करना
✓ 4. फाइल में किए गए वर्तमान परिवर्तनों को सेव करना

Q.30 एक विक्रेता अपने सामान पर लागत मूल्य से 20% अधिक मूल्य अंकित करता है और उस पर 25% की छूट प्रदान करता है। लाभ या हानि का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 9% लाभ
✓ 2. 10% हानि
✗ 3. 12% हानि
✗ 4. 11% हानि

Q.31 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

7 9 13 21 37 ?

Ans
✗ 1. 65
✗ 2. 71
✓ 3. 69
✗ 4. 66

Q.32 बेहरामजी मेरवानजी मालाबारी की कृति 'द इंडियन म्यूज़ इन इंग्लिश गार्ब' में कितनी कविताएं संकलित हैं?

Ans
✗ 1. 20
✗ 2. 25
✓ 3. 32
✗ 4. 40

Q.33 निम्नलिखित में से कौन-से कथन 2024 में शुरू की गई NPS वात्सल्य योजना के विनियामक और संरचनात्मक पहलुओं का सही ढंग से वर्णन करते हैं?
इस योजना का संचालन पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) द्वारा किया जाता है।
NPS वात्सल्य के तहत योगदान को व्यक्तिगत खातों के बिना सरकार द्वारा प्रबंधित समेकित निधि में जमा किया जाता है।
यह योजना ग्राहक को 18 वर्ष की आयु होने पर नियमित NPS खाते में आसानी से स्थानांतरित करने की अनुमति देती है।
वयस्क होने पर, ग्राहकों को अनिवार्य रूप से NPS वात्सल्य से बाहर निकलना होगा और अटल पेंशन योजना का विकल्प चुनना होगा।

Ans
✗ 1. केवल 2
✗ 2. 2, 3 और 4
✓ 3. 1 और 3
✗ 4. 1 और 4

Q.34 यदि IST (82°30′E) पर दोपहर के 12 बजे हैं, तो 97°30′E देशांतर पर लगभग क्या समय होगा?

Ans
✗ 1. 1:20 PM
✗ 2. 12:30 PM
✗ 3. 11:00 AM
✓ 4. 1:00 PM

Q.35 73वें संविधान संशोधन 1992 के प्रावधानों के अनुसार, ग्राम सभा के सदस्यों की मीटिंग एक वर्ष में कितनी बार होनी चाहिए?

Ans
✗ 1. महीने में एकबार
✗ 2. प्रत्येक पांच वर्ष में एक बार
✓ 3. वर्ष में कम से कम दो बार
✗ 4. प्रति सप्ताह

Q.36 जनवरी 2025 में, किस महिला क्रिकेटर को BCCI द्वारा पॉली उमरीगर पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ans
✓ 1. स्मृति मंधाना
✗ 2. दीप्ति शर्मा
✗ 3. शेफाली वर्मा
✗ 4. जेमिमा रोड्रिग्स

Q.37 विधि के प्रश्नों पर सर्वोच्च न्यायालय की राय लेने की राष्ट्रपति की शक्ति ________ के अंतर्गत उल्लिखित है।

Ans
✗ 1. अनुच्छेद 226
✓ 2. अनुच्छेद 143
✗ 3. अनुच्छेद 136
✗ 4. अनुच्छेद 131

Q.38 एमएस एक्सेल 2019 (MS Excel 2019) में, 'प्रिंट प्रीव्यू (Print Preview)' फीचर का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
✗ 1. डेटा एडिट करना
✓ 2. यह देखना कि शीट प्रिंट होने पर कैसी दिखाई देगी
✗ 3. स्प्रेडशीट को सेव करना
✗ 4. शीट में ज़ूम करना

Q.39 1970 के दशक तक सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयाँ (Public Sector Units - PSU) भारतीय उद्योग में प्रमुख हो गई थीं। उन्हें अक्सर किस आलोचना (Criticism) का सामना करना पड़ता था?

Ans
✗ 1. अत्यधिक विदेशी स्वामित्व और पूंजी बहिर्वाह
✗ 2. निजी बहुराष्ट्रीय निगमों से उच्च प्रतिस्पर्धा
✓ 3. परिचालन अक्षमताएं, कम उत्पादकता और वित्तीय घाटा
✗ 4. संप्राप्ति के लिए निर्यात बाज़ारों पर अत्यधिक निर्भरता

Q.40 यदि तीन संख्याएं 1 : 3 : 5 के अनुपात में हैं, और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 285 है, तो उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 24
2. 17
3. 19
4. 15

Q.41 किस ब्रिटिश वायसराय ने कांग्रेस को भारतीय आबादी के केवल 'सूक्ष्म अल्पसंख्यक' का प्रतिनिधित्व करने वाला बताया, जिससे इसकी राजनीतिक प्रासंगिकता खारिज हो गई?

Ans
1. लॉर्ड कर्जन
2. लॉर्ड रिपन
3. लॉर्ड डफरिन
4. लॉर्ड लिटन

Q.42 कुल मिलाकर, भारत में पंचायती राज व्यवस्था निम्न में से किसको बढ़ावा देने के लिए तैयार की गई है?

Ans
1. देश भर में स्थानीय क्षेत्रों पर केंद्रीय नियंत्रण
2. स्थानीय परियोजनाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तपोषण, पर्याप्त विकास सुनिश्चित करना
3. लोगों की भलाई के लिए देश भर में आर्थिक मितव्ययिता
4. आधारभूत स्तर पर लोकतांत्रिक शासन और सशक्तिकरण

Q.43 ज्ञानेश बिंदु Y से शुरू करता है और दक्षिण की ओर 11 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 45 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 29 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 18 km ड्राइव करता है। वह दाएं मुड़ता है, 13 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 29 km ड्राइव करता है, बाएं मुड़ता है और बिंदु Z पर रुकने के लिए 27 km ड्राइव करता है। बिंदु Y पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं।)

Ans
1. 53 km उत्तर की ओर
2. 61 km पश्चिम की ओर
3. 56 km पश्चिम की ओर
4. 51 km पूर्व की ओर

Q.44 9, 3 और 27 का चतुर्थानुपाती, A और 24 के तृतीयानुपाती के बराबर है। A का मान कितना है?

Ans
1. 64
2. 61
3. 62
4. 63

Q.45 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : VXB :: GIM : %

Ans
1. # = SEY , % = JLP
2. # = SUY , % = JLP
3. # = SUY , % = LLP
4. # = SUY , % = JLL

Q.46 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
PIL NGJ LEH JCF ?

Ans
1. HBE
2. HAD
3. HAE
4. HBD

Q.47 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 143 656 651 264 282 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक से घटाया जाए तो परिणाम कितना होगा?

Ans
✗ 1. −2
✓ 2. −3
✗ 3. 0
✗ 4. −4

Q.48 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. GID
✗ 2. MOJ
✓ 3. KMG
✗ 4. IKF

Q.49 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। R की परीक्षा के बाद केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। P की परीक्षा R के ठीक बाद, लेकिन Q से पहले है। S की परीक्षा U से पहले, लेकिन V के बाद है। T की परीक्षा रविवार को है। P और S के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans
✗ 1. चार
✗ 2. तीन
✗ 3. एक
✓ 4. दो

Q.50 सुजाता की वर्तमान आयु का 5 गुना, वनिता की वर्तमान आयु के 2 गुने से 5 वर्ष अधिक है। 4 वर्ष बाद, वनिता की आयु का 3 गुना, सुजाता की आयु के 5 गुने से 8 वर्ष कम होगा। वनिता की आयु, सुजाता की आयु से k वर्ष अधिक है। k का मान कितना है?

Ans
✗ 1. 3
✗ 2. 4
✓ 3. 2
✗ 4. 5

Q.51 सितंबर 2024 के अंत में भारत का बाह्य ऋण और जीडीपी अनुपात क्या था?

Ans
✗ 1. 13.4%
✗ 2. 24.6%
✓ 3. 19.4%
✗ 4. 34%

Q.52 एमएस पावरपॉइंट 365 में एक नया ब्लैंक प्रेजेंटेशन तेजी से क्रिएट करने के लिए किस शॉर्टकट कुंजी का उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ 1. Shift + N
✓ 2. Ctrl + N
✗ 3. Ctrl + P
✗ 4. Ctrl + O

Q.53 लॉरेन रॉबर्ट के उपन्यास, 'द पावरलेस (The Powerless)' त्रयी के तीसरे खंड का शीर्षक क्या है?

Ans
1. रेकलेस
2. पावरलेस
3. एंडलेस
4. फियरलेस

Q.54 2023-24 के लिए भारत में अवसंरचना पर खर्च के लिए कुल बजट आवंटन कितना है?

Ans
1. ₹10 लाख करोड़
2. ₹7 लाख करोड़
3. ₹9 लाख करोड़
4. ₹5 लाख करोड़

Q.55 प्रथम संशोधन अधिनियम 1951 द्वारा किस मौलिक अधिकार पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगा दिए गए थे?

Ans
1. समानता का अधिकार
2. संवैधानिक उपचार का अधिकार
3. धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार
4. वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार

Q.56 यदि किसी बिस्तर का विक्रय मूल्य प्रारंभिक मूल्य का 2 गुना है, तो लाभ प्रारंभिक लाभ का 6 गुना होगा। प्रारंभिक लाभ प्रतिशत (% में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 25
2. 300
3. 33.33
4. 200

Q.57 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

KNR : HKS
TGK : QDL

Ans
1. FXL : CUM
2. HMI : DKL
3. GCP : EHR
4. LOQ : FJU

Q.58 कंप्यूटिंग के संदर्भ में ASCII का पूर्ण रूप क्या है?

Ans
1. Algorithmic Standard Code for International Information (एल्गोरिदमिक स्टैंडर्ड कोड फॉर इंटरनेशनल इन्फॉर्मेशन)
2. American Standard Code for Information Integrity (अमेरिकन स्टैंडर्ड कोड फॉर इन्फॉर्मेशन इंटीग्रिटी)
3. American Systematic Code for International Interoperability (अमेरिकन सिस्टमैटिक कोड फॉर इंटरनेशनल इंटरऑपरेबिलिटी)
4. American Standard Code for Information Interchange (अमेरिकन स्टैंडर्ड कोड फॉर इन्फॉर्मेशन इंटरचेंज)

Q.59 धातु के एक ठोस अर्धगोले की त्रिज्या 6 cm है। यदि अर्धगोले की धातु को पिघलाकर उतनी ही त्रिज्या वाले बेलनाकार आकृति में ढाला जाए, तो बेलन की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 12 cm
2. 4 cm
3. 6 cm
4. 8 cm

Q.60 अमिता एक निश्चित दूरी 84 km/hr की चाल से तय करती है और पहली दूरी की दोगुनी दूरी 28 km/hr की चाल से तय करती है। फिर वह उसी मार्ग से आरंभिक बिंदु पर लौट आती है। यदि पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल 24 km/hr है, तो वापसी यात्रा के लिए उसकी चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 16
2. 18
3. 17.2
4. 21.5

Q.61 आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट, 2024-25 के अनुसार, 2023-24 में भारत में कितने प्रतिशत कार्यबल स्व-नियोजित था, जो उद्यमिता की ओर बढ़ती प्रवृत्ति को दर्शाता है?

Ans
1. 62.8%
2. 52.6%
3. 48.2%
4. 58.4%

Q.62 13 पुरुष और 3 महिलाएं किसी कार्य को 7 दिनों में पूरा कर सकती हैं, और 5 पुरुष और 6 महिलाएं उसी कार्य को 18 दिनों में पूरा कर सकती हैं। कितनी महिलाओं का कार्य एक पुरुष के कार्य के बराबर है?

Ans
1. 90
2. 84
3. 88
4. 87

Q.63 गूगल डॉक्स या वेब ब्राउज़र जैसे कुछ एप्लीकेशनों में Ctrl + Shift + V का कार्य निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
1. बिना किसी फ़ॉर्मेटिंग के कंटेंट पेस्ट करता है
2. Find and Replace डायलॉग बॉक्स खोलता है
3. डॉक्यूमेंट को नई फ़ाइल के रूप में सेव करता है
4. ब्राउज़र में पिछले पेज पर वापस लौटाता है

Q.64 एक वृत्त की जीवाएँ AB और CD, बिंदु P पर बाह्य रूप से प्रतिच्छेद करती हैं। यदि AB = 7 cm, CD = 1 cm और PD = 5 cm है, तो PB की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 3
2. 5
3. 2
4. 4

Q.65 मई से नवंबर 2025 तक आयोजित होने वाले वेनिस आर्किटेक्चर बिएनले (Venice Architecture Biennale) का विषय क्या है?

Ans
1. संधारणीय शहरी भविष्य (Sustainable Urban Futures)
2. भावी समाजों की रूपरेखा (Designing Future Societies)
3. बुद्धि: प्राकृतिक. कृत्रिम. सामूहिक (Intelligence: Natural. Artificial. Collective)
4. वास्तुकला और जलवायु परिवर्तन (Architecture and Climate Change)

**Q.66** 6.555... का समतुल्य भिन्न ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✔ 1. $\frac{59}{9}$

✘ 2. $\frac{61}{3}$

✘ 3. $\frac{53}{17}$

✘ 4. $\frac{56}{13}$

**Q.67** भारतीय संदर्भ में, श्रेणी I शहरों में जनसंख्या वृद्धि ________ से सर्वाधिक प्रभावित होती है।

**Ans**

✘ 1. धार्मिक कारकों

✔ 2. ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन

✘ 3. प्राकृतिक वृद्धि

✘ 4. सरकारी रोजगार

**Q.68** एक गोले का व्यास, एक छोटे गोले के व्यास से 2 cm अधिक है। बड़े गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल, छोटे गोले के पृष्ठीय क्षेत्रफल से 528 $cm^2$ अधिक है। बड़े गोले का व्यास (cm में) कितना है?

($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें)

**Ans**

✔ 1. 43

✘ 2. 41

✘ 3. 45

✘ 4. 39

**Q.69** 502 ई. में मैत्रक वंश को सबसे पहला भूमि अनुदान निम्नलिखित में से किसके द्वारा दिया गया था?

**Ans**

✘ 1. शिलादित्य

✘ 2. गुहसेन

✘ 3. धरपट्ट

✔ 4. द्रोणसिंह

**Q.70** 26 फरवरी 2025 को, सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (CSE) तथा डाउन टु अर्थ (DTE) पत्रिका ने अपना वार्षिक प्रकाशन 'स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरनमेंट' किस राज्य से जारी किया?

**Ans**

✔ 1. राजस्थान

✘ 2. गुजरात

✘ 3. केरल

✘ 4. पश्चिम बंगाल

**Q.71** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएं) # 1 9 7 $ 9 1 5 2 @ 6 8 # € £ & 8 $ 4 5 9 5 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

**Ans**

✘ 1. 2

✔ 2. 3

✘ 3. 5

✘ 4. 4

Q.72 किस वर्ष के विद्रोह के बाद अंग्रेजों ने ऐसे उपाय लागू किए जिससे सेना में भारतीय सैनिकों का अनुपात कम हो गया और यूरोपीय सैनिकों की संख्या बढ़ गई?

Ans
✗ 1. 1874
✓ 2. 1857
✗ 3. 1841
✗ 4. 1806

Q.73 प्रेक्षण 59, 67, 17, 38, 88, 61, 80, 91, 30, 48 और 80 की माध्यिका ज्ञात करें।

Ans
✗ 1. 67
✗ 2. 58
✗ 3. 59
✓ 4. 61

Q.74 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से GCKH का संबंध EAIF से है। उसी प्रकार, JFNK का संबंध HDLI से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, MIQN का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
✗ 1. KGLO
✗ 2. GKLO
✗ 3. GKOL
✓ 4. KGOL

Q.75 जनवरी 2025 में, निम्नलिखित में से किसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया?

Ans
✗ 1. तपन मिश्रा
✓ 2. वी नारायणन
✗ 3. जी माधवन नायर
✗ 4. के सिवन

Q.76 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएं) * # 8 # 5 # 3 3 € 6 7 & # 3 $ € @ 9 # 7 £ 9 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

Ans
✗ 1. 3
✗ 2. 4
✗ 3. 1
✓ 4. 2

Q.77 वृक्क शरीरक्रिया विज्ञान में, नेफ्रॉन का कौन-सा खंड मूत्र को सांद्रित करने वाले परासरणी प्रवणता (osmotic gradient) को उत्पन्न करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है?

Ans
✗ 1. दूरस्थ कुंडलित नलिका
✗ 2. समीपस्थ कुंडलित नलिका
✗ 3. संग्राहक नलिका
✓ 4. हेनले का लूप

Q.78 यदि $\Delta ABC \sim \Delta PQR$ और $\frac{area(\Delta ABC)}{area(\Delta PQR)} = \frac{25}{49}$ है, तो $AB : PQ$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 3 : 7
2. 5 : 7 ✔
3. 2 : 7
4. 4 : 7

Q.79 दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।
TPY URS VTM WVG ?

Ans
1. XWA
2. XWZ
3. XXB
4. XXA ✔

Q.80 यदि संख्या 1385762 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाता है और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे अंक और दाएं से तीसरे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
1. 11
2. 13
3. 12 ✔
4. 10

Q.81 सात बॉक्स A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे हों। G के ऊपर केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। A और G के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। A और F के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। F को G के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। B को F के ठीक नीचे रखा गया है। D को E के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। C को A के ठीक ऊपर या ठीक नीचे नीचे नहीं रखा गया है। D के ऊपर कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
1. 4 ✔
2. 2
3. 3
4. 1

Q.82 एक निश्चित कूट भाषा में,

'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
'A x B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'

उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'P ÷ Q + R – S x T' है, तो P का T से क्या संबंध है?

Ans
1. पत्नी की माता का पिता ✔
2. पत्नी की बहन का पति
3. पत्नी के पिता की माता
4. पुत्र की पुत्री का पति

Q.83 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'OILY' को '1357' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'LACE' को '8643' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में, 'L' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 5
2. 3 ✔
3. 7
4. 8

Q.84 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. IK - PR
- ✓ 2. OJ - NL
- ✗ 3. GI - NP
- ✗ 4. HJ - OQ

Q.85 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, विदेशी मामलों में भारतीय राष्ट्रपति की भूमिका का सटीक वर्णन करता है?

Ans
- ✓ 1. राष्ट्रपति, राजदूतों की नियुक्ति करता है और अपने नाम से राजनयिक कार्य संचालित करता है।
- ✗ 2. राष्ट्रपति सभी विदेशी मामलों की जिम्मेदारियाँ प्रधानमंत्री को सौंप देता है।
- ✗ 3. राष्ट्रपति केवल विदेशी राजदूतों को स्वीकार करते हैं, लेकिन उनकी नियुक्ति नहीं करते हैं।
- ✗ 4. राष्ट्रपति बिना किसी से सलाह लिए स्वयं ही अंतर्राष्ट्रीय संधियों पर बातचीत करने के लिए पूरी तरह उत्तरदायी है।

Q.86 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

282, 259, 226, ?, 130, 67

Ans
- ✗ 1. 186
- ✓ 2. 183
- ✗ 3. 193
- ✗ 4. 173

Q.87 2025 में शुरू किए गए बायोमेडिकल वेस्ट कन्वर्जन सिस्टम 'सृजनम' का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✗ 1. बायोमेडिकल वेस्ट निपटान के पारंपरिक तरीकों को बढ़ावा देना
- ✗ 2. भस्मीकरण के लिए एक नई विधि विकसित करना
- ✗ 3. बायोमेडिकल वेस्ट के लिए भू-भरण के उपयोग को बढ़ावा देना
- ✓ 4. भस्मीकरण को समाप्त करके पर्यावरणीय खतरों को कम करना

Q.88 ध्वनि तीव्रता का SI मात्रक निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
- ✗ 1. वाट (W)
- ✗ 2. पास्कल (Pa)
- ✓ 3. वाट प्रति वर्ग मीटर ($W/m^2$)
- ✗ 4. मीटर प्रति सेकंड (m/s)

Q.89 A, B, C, D, R, S और T एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। T के बाएं से गिनने पर T और R के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। S के दाएं से गिनने पर A और S के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। C, A के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। S और R का निकटतम पड़ोसी B है। D के दाएं से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ 1. C
- ✗ 2. S
- ✗ 3. A
- ✓ 4. T

Q.90 TX 12 एक निश्चित तरीके से RS 23 से संबंधित है। GW 2 उसी तरीके से ER 13 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, NR -5 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
- ✗ 1. KL 6
- ✗ 2. LL 4
- ✓ 3. LM 6
- ✗ 4. KM 4

Q.91 विशाल मैदान के निर्माण से पहले हिमालय और दक्कन के पठार के बीच कौन-सी प्राकृतिक भू-आकृति मौजूद थी?

Ans
- ✗ 1. गहरी समुद्री खाई
- ✗ 2. पर्वत शृंखला
- ✓ 3. उथली गर्त या भू-अभिनति
- ✗ 4. घना जंगल

Q.92 राजमार्ग पर चाल सीमा की विमा _______ होती है।

Ans
- ✗ 1. समय
- ✓ 2. लंबाई/समय
- ✗ 3. समय/लंबाई
- ✗ 4. द्रव्यमान

Q.93 पीयूष अपनी कक्षा में शीर्ष से 34वें स्थान पर तथा नीचे से 57वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✗ 1. 89
- ✗ 2. 91
- ✓ 3. 90
- ✗ 4. 92

Q.94 संगीत वाद्ययंत्रों की कौन-सी श्रेणी दैनिक जीवन में उपयोगी वस्तुओं से संबंधित थी?

Ans
- ✗ 1. तत वाद्य
- ✗ 2. सुषिर वाद्य
- ✗ 3. अवनद्ध वाद्य
- ✓ 4. घन वाद्य

Q.95 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में अनुसरण की गई संक्रियाओं के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि, की जा सकती है। 13 को 1 तथा 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

12 - 14 - 16 - 20; 14 - 16 - 18 - 22

Ans
- ✓ 1. 3 - 5 - 7 - 11
- ✗ 2. 4 - 8 - 16 - 32
- ✗ 3. 19 - 20 - 22 - 44
- ✗ 4. 13 - 15 - 17 - 32

Q.96 मुफ़्ती मुहम्मद ऐवाज़ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कौन-सा विद्रोह 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से पहले भारत में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध सबसे महत्वपूर्ण विद्रोहों में से एक था?

Ans
- ✓ 1. बरेली विद्रोह
- ✗ 2. कोल विद्रोह
- ✗ 3. संथाल विद्रोह
- ✗ 4. चुआर विद्रोह

Q.97 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी चिम्पांजी, गोरिल्ला हैं।
सभी गोरिल्ला, बंदर हैं।
कोई भी बंदर, लंगूर नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ लंगूर, गोरिल्ला हैं।
(II) कुछ बंदर, चिम्पांजी हैं।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✗ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✗ 3. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं
✓ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Q.98 श्री इवान बिंदु A से शुरू करते हैं और पूर्व की ओर 8 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं, 19 km ड्राइव करते हैं, दाएं मुड़ते हैं और 19 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं और 9 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं, 3 km ड्राइव करते हैं, बाएं मुड़ते हैं और 6 km ड्राइव करते हैं। वह अंत में दाएं मुड़ते हैं, 8 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुकते हैं। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✓ 1. उत्तर की ओर 4 km
✗ 2. पश्चिम की ओर 3 km
✗ 3. उत्तर की ओर 7 km
✗ 4. पश्चिम की ओर 9 km

Q.99 किसी अपार्टमेंट की वर्तमान कीमत ₹1,70,014 है। एक वर्ष बाद, इसकी कीमत बढ़कर ₹1,93,900 हो गई। अपार्टमेंट की कीमत में प्रतिशत वृद्धि (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 22%
✓ 2. 14%
✗ 3. 28%
✗ 4. 3%

Q.100 मरूस्थलीय मृदा अधिकतर किस भारतीय राज्य में पाई जाती है?

Ans
✗ 1. तमिलनाडु
✗ 2. उत्तर प्रदेश
✗ 3. केरल
✓ 4. राजस्थान